नाबालिग को टापरी में 15 दिन तक बना रखा बंधक, आरोपी हिरासत में

- मामला कुमारड़ी से लापता
- बालिका का, शादी का झांसा देकर कई बार किया गलत काम

उज्जैन। ग्राम कुमारड़ी से लापता 15 वर्षीय नाबालिग को 15 दिन बाद पुलिस ने खेत में बनी एक टपरी से खोज निकाला। नाबालिग को युवक बहला-फुसलाकर ले गया था और बंधक बनाकर रखा था। उसने नाबालिग को शादी का झांसा देकर कई बार गलत काम किया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है जिसके खिलाफ दर्ज अपहरण की धारा के साथ दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धारा का इजाफा किया गया है।

घट्टिया थाना क्षेत्र की रहने वाली बालिका 10 जून को लापता हो गई थी, जो मूल रूप से नागदा की रहने वाली थी। बालिका का परिवार थाना क्षेत्र के ग्राम में खेत पर हाली का काम करता है। बालिका के लापता होने पर परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि बालिका की तलाश के लिए साइबर सेल की मदद ली। परिवार और संदेही लोगों के मोबाइल कॉल डिटेल खंगालने पर एक संदिग्ध नंबर सामने आया। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस करते हुए ग्राम बड़ौद में दबिश दी और वहां से आरोपी धर्मेंद्र पिता करण सिंह नायक 20 साल निवासी किशनपुरा, थाना कानड़, जिला आगर) को धरदबोचा। साथ ही नाबालिग लड़की को भी अपने कब्जे में लिया। नाबालिग से पूछताछ करने पर सामने आया कि धर्मेंद्र और नाबालिग के बीच फोन पर बातचीत होती थी।

पकड़े जाने के डर से मोबाइल तोड़ दिया

10 जून को आरोपी उसे बहला-फुसलाकर ग्राम कोटड़ी ले गया। वहां एक खेत में बनी टापरी (झोपड़ी) में आरोपी ने नाबालिग के साथ 3 से 4 बार दुष्कर्म किया और 10 दिनों तक उसे पत्नी बनाकर रखा। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने अपना मोबाइल और सिम कार्ड तोड़कर जंगल में फेंक दिए थे। थाना प्रभारी के अनुसार मामला नाबालिग से जुड़ा होने और के साथ गलत काम होने की बात सामने आने पर आरोपी के खिलाफ धारा 64(2) एम, 65 (1), 87 भारतीय न्याय संहिता एवं 5 एल/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।हिस्सों में देखा जा सकेगा।

चंपत राय से बड़ा भ्रष्ट कोई नहीं : दिग्विजय सिंह

श्रीराम मंदिर दान और आरएसएस पर दिग्विजय के तीखे आरोप, कांग्रेस चलाएगी जन-अभियान

उज्जैन। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर एक ऐसी सनसनी फैला दी, जिसमें भाजपा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को तो क्लीन चिट दे दी और अब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं। दरअसल, सिंह ने कहा कि पुराने प्रशासनिक भवन कोठी को 1 रूपये में लीज पर दिया इसमें कोई गलत कार्य नहीं हुआ है। वह सरकारी ट्रस्ट ही है कमलनाथ सरकार के दौरान तो इसे ओबेरॉय होटल में हम तब्दील करने वाले थे।

जबकि जीतू पटवारी लगातार मध्य प्रदेश सरकार को घेर रहे हैं कि वीर भारत न्यास को जो इमारतें लीज पर दी गई हैं, वो गलत है और उन पर सवाल खड़े किए जा रहे थे। इधर दिग्गी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर दूध का दूध पानी का पानी कर दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शनिवार को उज्जैन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राम मंदिर ट्रस्ट, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए।



करोड़ों लोगों ने दिया था चंदा

दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर निशाना साधते हुए कहा कि चंपत राय से बड़ा बेईमान और भ्रष्ट व्यक्ति कोई नहीं है। भगवान राम के मंदिर के नाम पर जमकर चंदाखोरी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि चांदी की ईंटों, गहनों, विदेशी चंदे और नकद दान में भारी अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने चंपत राय के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच कराने की मांग की। दिग्गी राजा ने कहा की कसम राम की खाते हैं चंदा मंदिर का ही खाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1992 के बाद राम मंदिर आंदोलन के दौरान लगभग 12 .5 करोड़ लोगों ने चंदा दिया था। लेकिन आज तक उसका पूरा हिसाब जनता के सामने नहीं आया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विभिन्न दानदाताओं द्वारा दी गई राशि और चांदी की शिलाओं का भी समुचित लेखा-जोखा सार्वजनिक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल किसी ट्रस्टी के इस्तीफे से मामला समाप्त नहीं होता, बल्कि पूरे ट्रस्ट प्रबंधन की जवाबदेही तय होना चाहिए।

कांग्रेस आंदोलन करेगी

दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस अब इन मुद्दों को लेकर जन-आंदोलन चलाएगी। इसके तहत उज्जैन जिले की 609 पंचायतों में समितियों का गठन किया गया है, जो गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को कथित अनियमितताओं और दान संबंधी आरोपों की जानकारी देंगी। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को भी सलाह दी कि वे अपने पास रखे अनेक विभागों की समीक्षा करें और कथित भूमि मामलों में सतर्कता बरतें। महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस से जुड़ी संस्थाओं ने महाकाल मंदिर की जमीनों पर कब्जा कर गेस्ट हाउस बना लिए हैं।

मोबाइल से हुई शिप्रा नदी से मिली वृद्ध की लाश की पहचान

उज्जैन। क्षिप्रा नदी गुरुवार-शुक्रवार रात एक वृद्ध की लाश बरामद की गई थी जिसकी पहचान उसके पास मिले मोबाइल के आधार पर की गई। इंदौर और ग्वालियर में रहने वाला परिवार उज्जैन पहुंच जिनकी मौजूदगी में पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है कि वृद्ध ने आत्महत्या की है या फिर उनके साथ हादसा हुआ है।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि शिप्रा नदी में दो दिन पहले आधी रात को रामघाट पर एक लाश पानी में बहती हुई दिखाई दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस रामघाट पहुंची और होमगार्ड जवानों की मदद से लाश को बाहर निकाला गया। मृतक 70 साल से अधिक का लग रहा था जिसने पैंट शर्ट पहन रखा था। उनके पास से मोबाइल और कुछ रुपए मिले।

रात में लाश को अस्पताल पहुंचाया गया। मोबाइल के आधार पर पहचान के प्रयास शुरू किए गए और उसमें लगी सिम को दूसरे मोबाइल में डालकर परिजनों का पता लगाने के प्रयास शुरू किया गया। इस दौरान कुछ नंबरों पर चर्चा के बाद सामने आया कि मृतक ग्वालियर का रहने वाला उदय कुमार पिता कमलाकर है। जो कुछ दिन पहले धार्मिक यात्रा पर जाने का बोलकर घर से निकला था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी इंदौर और ग्वालियर से परिवार और रिश्तेदार के कुछ लोग उज्जैन पहुंचे। जिनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि लाश डेढ़ से 2 दिन पुरानी थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि शिप्रा का जल स्तर बढ़ने पर बहकर रामघाट तक पहुंची है। जांच और परिजनों के बयान के बाद ही घटना स्पष्ट हो पाएगी।

मलेरिया निरोधक माह में हो रही जागरूकता गतिविधियां

उज्जैन। जिले में मलेरिया निरोधक माह जून 2026 के अंतर्गत विकासखण्ड से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक जनजागरूकता के लिए 5 जून से कई जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाईलेरिया और कालाजार जैसे वाहक जनित रोगों की रोकथाम के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल एवं जिला मलेरिया अधिकारी डीएस सिसोदिया के मार्गदर्शन में मलेरिया रथ का भ्रमण कराया जा रहा है। इस रथ में प्रचार-प्रसार के साथ मलेरिया रोग निदान के लिए जांच एवं उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई हैं। विकासखण्ड स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक बैठकें की जा रही हैं। इनमें विकासखण्ड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा मच्छरों से होने वाले रोगों के कारण, लक्षण एवं उपचार के बारे में चर्चा की गई। मच्छरों से होने वाले रोगों की रोकथाम की समझाईश दी गई। इसके अंतर्गत पीने के पानी के बर्तन, ओव्हरहेड टेंक, पानी के ड्रम आदि को ढंक कर रखने की सलाह दी गई। इसमें अन्य पानी के बर्तन, कंटेनर जैसे पशुहोधी, पंछी जलपात्र, टायर, कूलर, मनीप्लांट, लोटस पोण्ड आदि के पानी को प्रतिसप्ताह खाली कर साफ करने, अनावश्यक जमा पानी की निकासी करवाने एवं जहां पानी भरा हुआ है वह जले हुए तेल का छिड़काव करने की सलाह दी गई।

बलेड़ी के नाले में मिली 30 वर्ष के युवक की लाश

उज्जैन। शनिवार सुबह इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बलेडी में नाले में एक युवक की लाश बड़ी होने की खबर मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई पुलिस घटना स्थल पहुंची और लाश को बाहर निकाला गया। जिसकी पहचान गांव के शराबी युवक के रूप में हुई। इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस बलेडी पहुंची थी। नाले में पड़ी लाश को बाहर निकाला गया। कुछ देर बाद ही मृतक की पहचान गोवर्धनलाल पिता बगदीराम मोगिया 30 साल निवासी बलेडी के रूप में हो गई। थाना प्रभारी के अनुसार गांव वालों से पूछताछ करने पर सामने आया कि गोवर्धन शराब पीने का आदी था और गांव में लोगों के यहां काम मिलने पर कर लेता था। उसके परिवार में माता-पिता, पत्नी बच्चे कोई नहीं है। पुलिस की जांच टीम के अनुसार घटनास्थल से कोई ऐसे साक्ष्य नहीं मिले हैं जिससे मृतक के साथ अप्रिय घटना होना स्पष्ट हो। आशंका है कि नशे की हालत में वह पानी से भरे नाले में गिरा है और उसकी डूबने से मौत हुई है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

एक नजर में

कर्बला की याद में 50 क्विंटल हलवे का वितरण

उज्जैन। जूना सोमवारिया स्थित पत्ती बाजार में मोहर्रम के अवसर पर बिस्मिल्लाह कमेटी ने सबील लगाकर 10 दिवसीय तबर्रुक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनीश भाई लकड़ी वाला ने बताया कि पिछले 26 वर्षों से बिस्मिल्लाह कमेटी द्वारा सबील लगाकर खिदमत की जा रही है। रसूल अल्लाह के नवासे शहीदे आजम इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में यह सबील लगाई जाती है। समापन पर मोहर्रम की 10 तारीख को तबर्रुक के रूप में 50 क्विंटल हलवे का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में सभी धर्मों के लोगों ने पहुंचकर तबर्रुक हासिल किया। इस अवसर पर अनीस अहमद, अफजल भाई मीर, अब्बू भाई लकड़ी वाले, रियाज अहमद, सलीम भाई, शकील भाई, रवि मालवीय, कलीम पहलवान, फरीद भाई लकड़ी वाले, भुरू भाई, अखिल भाई, बबलू भाई, शेरखान लाला, अनस शेख, अयान शेख, सलमान शेख सहित बिस्मिल्लाह कमेटी के सभी सदस्यों ने सेवा दी।

दाहिरसेन की याद में आज होगा सिंधी नाटक

उज्जैन। सिंधुपति सम्राट दाहिरसेन की याद में आगामी रविवार 28 जून को शहर में भव्य सिंधी नाटक मिट्टीअ लधो मानु का मंचन किया जाएगा। यह आयोजन सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल, सिंधु जागृत समाज और भारतीय सिंधु सभा के संयुक्त तत्वावधान में कालिदास अकादमी के संकुल हाल में शाम 7.30 बजे से होगा। आयोजकों ने बताया कि नाटक का प्रवेश पूर्णत: निशुल्क रहेगा, लेकिन सुचारू व्यवस्था के लिए पास लागू किए गए हैं। नागरिक कार्यक्रम स्थल से भी पास प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम के पश्चात स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। आमंत्रण पास प्राप्त करने के लिए रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, दौलत खेमचंदानी, अजय रोहरा, होतचंद सेठिया और तुलसी राजवानी से संपर्क किया जा सकता है। इस भव्य आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए 24 जून को तवानी कम्युनिटी हॉल में सिंधु जागृत समाज और भारतीय सिंधु सभा की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी को कार्यक्रम संबंधी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में अध्यक्ष प्रताप रोहरा, संरक्षक रमेश सामदानी, सचिव महेश गंगवानी, उपाध्यक्ष गोपाल बलवानी, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा सहित दौलत खेमचंदानी, रमेश गजरानी, जवाहर सनमुखानी, विजय भागचंदानी, विनोद दुल्ला, जवाहर कोटवानी, दीपक राजवानी और तुलसी राजवानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजक संस्थाओं ने सभी समाजजनों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

चेक फर्जीवाड़ा मामले में तीनों आरोपी दोषमुक्त

उज्जैन। दिसंबर 2022 में बैंक ऑफ इंडिया, शाखा अरविंद नगर उज्जैन में फर्जी चेक के माध्यम से 7 लाख 10 हजार रुपये आहरण करने का मामला सामने आया था। मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना में धारा 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा कंचन सिंह, राकेश और राहुल राठौर को आरोपी बनाते हुए न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण का विचारण न्यायालय में चला। विचारण के दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता शशांक कुमार जैन ने तर्क प्रस्तुत किए। न्यायालय ने बचाव पक्ष के तर्कों से सहमत होते हुए साक्ष्य के अभाव में तीनों आरोपियों कंचन सिंह, राकेश और राहुल राठौर को दोषमुक्त किया। अधिवक्ता शशांक कुमार जैन ने बताया कि विचारण के दौरान बैंक और पुलिस की भूमिका संदेहास्पद रही। पुलिस अनुसंधान में कमी और बैंक अधिकारियों की लापरवाही के कारण अभियोजन पक्ष आरोपियों के विरुद्ध ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। साक्ष्य की कमी के आधार पर न्यायालय ने आरोपियों को बरी किया। इस प्रकरण में अधिवक्ता शशांक कुमार जैन की टीम में नीलम सिसोदिया, प्रियंका द्विवेदी, गोपाल केला और लखन उपाध्याय शामिल रहे।

गर्भवती महिलाओं के लिए सुमन सखी चैटबॉट

उज्जैन। गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान सही स्वास्थ्य सलाह देने के लिए सुमन सखी चैटबॉट की खास सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन के माध्यम से प्रारंभ की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी दी गई कि सुमन सखी चैटबॉट महिलाओं को गर्भावस्था, प्रसव और शासकीय योजना की जानकारी जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए एक डिजिटल सुविधा है। एआई तकनीक पर आधारित यह चैटबॉट प्रेग्नेंसी से लेकर नवजात शिशु की देखभाल तक सभी स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी देता है। सुमन सखी चैटबॉट को महिलाओं की डिजिटल दीदी भी कहा जा सकता है। यह चैटबॉट हिंदी भाषा में 24 घंटे उपलब्ध है। खासतौर पर ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों की महिलाओं को समय पर जानकारी देने में यह मददगार है। इस चैटबॉट के जरिए महिलाएं 97709-05942 नंबर पर व्हाट्सएप मैसेज भेज कर बातचीत शुरू कर सकती हैं। इस नंबर पर महिलाओं को बस नमस्कार या प्रश्न पूछना चाहती हूं लिखने पर चौटबॉट मेन्यू उपलब्ध हो जाता हैं, जिसमें गर्भावस्था एवं जांच, गर्भावस्था खतरे के संकेत, गर्भवती महिला का पंजीकरण, प्रसव एवं तैयारी, नवजात शिशु की देखभाल, स्वास्थ्य केन्द्र की जानकारी, शासकीय योजना की जानकारी एवं हेल्पलाइन नंबर जैसी जानकारियां दी जाती हैं। इस चैटबॉट की खास बात यह है कि यह पूरी तरह गोपनीय है, जिससे महिलाएं बिना झिझक अपनी समस्याएं साझा कर जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। यह पूरी तरह से हिंदी भाषा में उपलब्ध है। यहां सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त होती है और आपातकालीन स्थिति में मार्गदर्शन भी मिलता है। सुमन सखी चैटबॉट का उपयोग करने के लिए केवल अपने मोबाइल में 97709-05942 नंबर सेव करें और वॉट्सएप पर नमस्ते लिखकर भेजें।

ठगी की राशि से खरीदते थे सोना, आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

- गिरोह से जुड़े अन्य साथियों की तलाश में पुलिस अब बिहार जाएगी

उज्जैन। सायबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का चौथा साथी दिल्ली से पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिससे पूछताछ जारी है, गिरोह से जुड़े अन्य साथियों की तलाश में पुलिस अब बिहार जा सकती है।

घासमंडी चौराहा पर डीपीके गोल्ड शोरूम से 6 जून को फर्जी नाम अनुराग कहार द्वारा 95 हजार का गोल्ड क्वाइन खरीदा गया था। भुगतान क्यूआर कोड से किया गया। कुछ दिन बाद गोल्ड शोरूम का खाता होल्ड कर दिया गया। जानकारी सामने आई कि सायबर ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है। शोरूम प्रबंधक ने माधवनगर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने फुटेज और खरीदी करने वालों का रूट ट्रेस कर 18 जून को सखीपुरा स्थित होटल हीरा पैलेस में दबिश देकर नर्मदापुरम के रहने वाले कशिश पिता सुनील, राहुल उर्फ शानू पिता अरुण और अनिमेश उर्फ अनुराग उर्फ अन्नी पिता अभय को गिरफ्तार किया। तीनों को न्यायालय में पेश कर 21 जून तक रिमांड पर लिया। इस दौरान पता चला कि सायबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदते थे। दिल्ली में बैठे साथी मोबाइल अपडेट करने के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर लोगों के खाते से राशि उड़ाते है। तीनों ने उज्जैन के चार ज्वेलर्स से ठगी की राशि से गोल्ड खरीदा है। इसी आधार पर एक टीम दिल्ली रवाना की गई थी, जहां 3 से 4 दिनों की तलाश के बाद ठगी में शामिल चौथे आरोपी शौकत गौड़ को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है। जिससे रिमांड पर पूछताछ जारी है।

भोपाल के चार ज्वेलर्स में सामने आए

उज्जैन पुलिस की हिरासत में आये अंतर्राज्यीय स्तर पर ठगी कर राशि से गोल्ड खरीदने का मामला सामने आने के बाद भोपाल के चार ज्वेलर्स भी सामने आये थे। जिनके खातों में क्यूआर कोड से ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन हुआ था और उनके खाते होल्ड हो गये थे। भोपाल हबीबगंज पुलिस ने 2 ज्वेलर्स की शिकायत पर कुछ दिन पहले प्रकरण दर्ज किया है।

कल होगा जलगंगा संवर्धन अभियान का समापन

उज्जैन। इस्कॉन मंदिर में आगामी 29 जून सोमवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी की दिव्य स्नान पूर्णिमा (स्नान यात्रा) अत्यंत श्रद्धा एवं भव्यता के साथ मनाई जाएगी। इस वर्ष का यह उत्सव विशेष रूप से मध्यप्रदेश शासन द्वारा गत चार माह से संचालित जलगंगा संवर्धन अभियान के समापन उत्सव के रूप में भी आयोजित किया जा रहा है। प्रदेशभर में जल संरचनाओं की स्वच्छता, गहरीकरण एवं पुनरुद्धार के व्यापक कार्य किए गए हैं। सरोवरों, बावड़ियों तथा अनेक प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने के प्रयासों को सराहा गया। यह संयोग है कि जगन्नाथ की स्नान यात्रा के अवसर पर इन्हीं पवित्र नदियों, तीर्थों और सरोवरों के जल से महाअभिषेक संपन्न होगा।

पिता के नाम रोपे 101 पौधे, विक्रम क्षेत्र में मना हरियाली महोत्सव

- अर्ली मॉर्निंग वॉकिंग ने स्व. नारंग की स्मृति में लगाए पौधे

उज्जैन। अर्ली मॉर्निंग वॉकिंग ऑर्गेनाइजेशन ने स्व. जगदीश नारंग की स्मृति में 12वां हरियाली महोत्सव मनाया। एक पौधा पिता के नाम अभियान के तहत विक्रम विश्वविद्यालय क्षेत्र में आम, पीपल और नीम सहित 101 पौधे रोपे गए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए।

मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मिश्रीलाल चौधरी थे। अध्यक्षता पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. दिलीप सोनी ने की। मुख्य अतिथि

चौधरी ने कहा कि लोक जीवन में नदी मन, पहाड़ मित्र और धरती हमारी मां है। डॉ. सोनी ने कहा कि सृष्टि का अस्तित्व प्रकृति की समृद्धि पर आश्रित है। संस्था के संरक्षक सुमित नारंग ने कहा कि श्रद्धा भाव से पर्यावरण रक्षा का संकल्प ही प्रकृति की असली हरियाली है। संचालन शैलेंद्र व्यास ने किया। आभार प्रदर्शन कमलेश जाटवा ने माना। इस अवसर पर राजेश भदौरिया बंटी, योगेश जोशी, रामचंद्र मंडोर, कैलाश पांचाल, वीरेंद्र दभाड़े, राकेश तिवारी, सुभाष पाटीदार और राम सहाय ठाकुर सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर पहुंचे आंगनवाड़ी केंद्र में

- बच्चे खुशी से झूम उठे जब उन्होंने कलेक्टर को पाया अपने सामने

उज्जैन। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह गत दिवस सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र स्वेज फॉर्म पहुंचे। केंद्र के बच्चे उस समय खुशी से झूम उठे जब उन्हें कलेक्टर सिंह द्वारा अपने हाथों से भोजन परोसा गया और उनके साथ समय बिताया गया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांस कुमट भी उपस्थित थे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि जिले के 594 आंगनबाड़ियों को सक्षम आंगनबाड़ी के रूप में चयनित किया गया है जहां टीवी, वाटर प्यूरीफायर, पोषण वाटिका, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी सुविधाएं एक साथ मिलेंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इन्हें दो चरणों में विकसित करने का अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों को विभाग द्वारा निर्धारित समयबद्ध ढंग से समुचित व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता पुरोहित, आशा कार्यकर्ता लक्ष्मी रैकवार एवं सहायिका जमुना खत्री, सहित महिला लाभार्थी उपस्थित थे।

मंगलनाथ मंदिर में 10 स्टील कंटेनरों का दान

उज्जैन। श्री मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक श्री के. के. पाठक ने बताया कि श्री मलखान सिंह निवासी ग्राम हतुनिया, तहसील सांवेर, डॉ. जीवन सिंह तथा बलराम सिंह ने गत दिनों श्री मंगलनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान श्री मंगलनाथ के दर्शन किए। उक्त श्रद्धालुओं ने मंदिर के गर्भगृह से निकलने वाले निर्माल्य को व्यवस्थित रूप से एक जगह पर एकत्रित करने के लिए 10 स्टील के कंटेनर पुजारी अमर भारती, पं. दीप्तेश दुबे की उपस्थिति में दान दिए। मंदिर के पुजारी नरेन्द्र भारती ने उन्हें भगवान का प्रसाद प्रदान कर आशीर्वाद दिया। समिति के प्रशासक केके पाठक ने मंदिर प्रबंध समिति की ओर से दानदाताओं को अंगवस्त्र एवं भगवान श्री महाकालेश्वर का लड्डू प्रसाद भेंट किया।

एक नजर में — सुबह से भगवान के साथ पुजारियों ने रखा व्रत, शाम को संध्या आरती में लगा भोग

शनि प्रदोष पर महाकाल का 11 ब्राह्मणों ने गर्भगृह में किया अभिषेक

उज्जैन। महाकाल मंदिर में शनिवार को शनि प्रदोष के खास मौके पर गर्भगृह में विशेष अनुष्ठान किया गया। शाम को संध्या आरती से पूर्व हुए अनुष्ठान में शासकीय पुजारी पंडित घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 पंडितों ने मंत्रोच्चार कर यह अभिषेक-पूजन संपन्न किया।

पुजारी आशीष शर्मा ने बताया कि शनि प्रदोष का महाकाल मंदिर में विशेष महत्व है। इसे पर्व के रूप में मनाया जाता है। सुबह से भगवान का व्रत रहता है और पुजारी भी इस दिन प्रदोष का व्रत रखते हैं। शनि प्रदोष के दिन शाम को गर्भगृह में 11 ब्राह्मण अभिषेक-पूजन संपन्न करते हैं इसके बाद भगवान को आरती में भोग अर्पित किया जाता है। इसके पश्चात पुजारी गण भी भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं।

दिग्विजय सिंह ने किए दर्शन,-मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह के बाहर से बाबा का आशीर्वाद लिया। चांदीगेट से खड़े होकर हाथ जोड़े व पुजारियों के हाथों जल चढ़वाया। पुजारी संजय शर्मा ने उनका पूजन संपन्न कराया। मीडिया से चर्चा में दिग्विजय सिंह ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में दान चोरी के मामले में आरोपित ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को एफआईआर दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तार कर लेना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार, आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा इस ट्रस्ट का गठन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इसलिए इसकी पूरी जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। दिग्विजय सिंह शुक्रवार को देर रात उज्जैन पहुंचे थे। देवास रोड स्थित सर्किट हाउस में विश्राम के बाद सुबह वे देव-दर्शन के लिए निकले।

29 को ब्रदी नारायण मंदिर में कलश स्थापना

उज्जैन। शहर के पान्दरीबा चौराहा स्थित नव नारायणों में प्रथम श्री बद्री नारायण मंदिर के शिखर का नवीनीकरण कार्य पूर्ण हो गया है। इस उपलक्ष्य में 29 जून को नवीन शिखर पर विधि-विधान से कलश स्थापना और ध्वजारोहण किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर भगवान को छप्पन भोग लगाकर अन्नकूट का आयोजन होगा। पुजारी पं. शिवनारायण पाठक ने बताया कि स्वर्गीय बलराम जमाना बाई पाठक के सान्निध्य में शिखर के नवीनीकरण का कार्य शुरू किया गया था, जो अब पूरा हो चुका है। सोमवार, 29 जून को शिखर पर कलश व ध्वजा स्थापित करने के पश्चात शाम 6 से रात 11 बजे तक महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। बारिश होने की स्थिति में प्रसादी वितरण की व्यवस्था मोदी गली स्थित चौरसिया धर्मशाला में रहेगी। श्री बद्री नारायण जी पुजारी परिवार ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन व प्रसादी का लाभ लेने की अपील की है।

पल्स पोलियो : जन जागृति रैली निकाली

उज्जैन। शनिवार को पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत जन जागृति के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली नर्सिंग कालेज से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए अपने गंतवय तक पहुंची। इसमें नर्सिंग छात्राओं द्वारा हाथ में पल्स पोलियो अभियान के जागरूकता संदेश का तख्तियों माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार पाल, प्रभारी प्राचार्य शोभा चौहान, नर्सिंग कालेज, दिलीप वसुनिया एवं नर्सिंग स्टॉफ, छात्राएं, सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।